तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर, 2025

12 उमरा की टीम ने सुल्तानपुर को 5-3 अंकों से हराया



12 प्रत्येक व्यक्ति मां की याद में एक पौधा जरूर लगाए



एलायंस कंपनी वर्तमान में हिसार से दिल्ली, जयपुर और अयोध्या के लिए दे रही सेवा

# हिसार एयरपोर्ट से शीघ्र ही शुरू होगी जम्मू व अहमदाबाद के लिए फ्लाइट

कंपनी वेबसाइट पर चंडीगढ़ की 25 अक्टूबर तक के लिए ही ले रही बुकिंग | एलायंस कंपनी इसी महीने में अपना विंटर शेड्यूल जारी करेगी

- हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी हुए थे
- कोलकाता के लिए भी फ्लाइट चलाने का फैसला लिया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा के पहले एयरपोर्ट हिसार एयरपोर्ट से जम्मू व अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शीघ्र ही शुरू होगी। आगामी 25 अक्टूबर से जारी होने वाले हिसार एयरपोर्ट के विंटर शेड्यूल के बाद नवंबर में जम्मू और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू होने की संभावना है।

हिसार एयरपोर्ट से विमानों का संचालन करने वाली एलायंस एयरलाइन ने विंटर शेड्यूल के लिए जम्मू और अहमदाबाद के लिए फ्लाइट शुरू करने के लिए एयरपोर्ट प्रशासन से टाइमिंग मांगी थी। एयरपोर्ट प्रशासन ने सप्ताह के अनुसार टाइमिंग बनाकर भेज दी है।

एलायंस कंपनी अक्टूबर में अपना विंटर शेड्यूल जारी करेगी। वर्तमान में एलायंस कंपनी हिसार से दिल्ली, जयपुर और अयोध्या के लिए सर्विस दे रही है। इन दो नए स्थानों के लिए सेवा शुरू होने के बाद हिसार से कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी। कंपनी वेबसाइट पर चंडीगढ़ की 25 अक्टूबर तक की ही बुकिंग ले रही है, जिसके बाद विंटर शेड्यूल के हिसाब से चंडीगढ़ फ्लाइट का समय बदल सकता है।

**सीएम ने एक साल पहले किया था ऐलान:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक साल पहले हिसार एयरपोर्ट से पांच स्थानों चंडीगढ़, अयोध्या, अहमदाबाद, जयपुर और जम्मू के लिए फ्लाइट संचालित करने की घोषणा की थी। पंचकूला के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हरियाणा सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग और एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के बीच हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी हुए थे। इस समझौते के बाद, हिसार से अयोध्या, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए फ्लाइट सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। जयपुर के लिए भी फ्लाइट फाइनल हो चुकी है। हालांकि, अहमदाबाद और जम्मू के लिए फ्लाइट सेवाएं शुरू होना अभी बाकी है। सरकार ने हाल ही में कोलकाता के लिए भी फ्लाइट चलाने का फैसला लिया है।

### जम्मू तक चलेगी चंडीगढ़ फ्लाइट

एयरलाइन कंपनी चंडीगढ़ की फ्लाइट को जम्मू तक एक्सटेंड कर सकती है। जम्मू तक फ्लाइट एक्सटेंड होने के बाद इसकी टाइमिंग और किराया नए सिरे से जारी हो सकता है। अभी 25 सीटर विमान ही चंडीगढ़ तक जाता है। अभी काफी कम पैसेंजर टाइमिंग मैच नहीं होने के कारण यात्रा कर रहे हैं। अगर इस फ्लाइट को जम्मू तक बढ़ाया जाता है तो यह विमान सुबह हिसार से चलकर शाम तक वापसी कर सकता है। इससे चंडीगढ़ जाने वाले लोगों को फायदा होगा और यात्रियों की संख्या बढ़ सकती है।

### हिसार-जयपुर फ्लाइट 12 सितंबर से हुई थी शुरू

हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से गत 12 सितंबर को ही जयपुर के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू हुई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से हिसार-जयपुर फ्लाइट को रवाना किया था। उसी समय मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि हिसार-चंडीगढ़ फ्लाइट को जम्मू तक एक्सटेंड किया जाएगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि अहमदाबाद से पहले जम्मू की फ्लाइट शुरू हो सकती है। हिसार से विमान हर शुक्रवार शाम 5:35 बजे जयपुर की फ्लाइट जाती है जो करीब एक घंटे बाद शाम 6:40 बजे जयपुर पहुंचती है। इसका किराया टैक्स सहित लगभग 2300 रुपये है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. किरण बेदी का जीवन प्रेरणादायक : मल्होत्रा

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संत कबीर हाऊस द्वारा प्रथम आईपीएस महिला अधिकारी डॉ. किरण बेदी विषय पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. किरण बेदी के जीवन, व्यक्तित्व व उनके कार्यों को कविता पाठ, भाषण, नृत्य कहानी व नाटिका द्वारा बखूबी दर्शाया गया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डॉ. किरण बेदी का जीवन प्रेरणादायक है।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शिवानी ने जीता रजत

**हिसार।** न्यू मॉडल टाउन एक्सटेंशन स्थित ऋषिकुल विद्या मंदिर की कक्षा छठी की होनहार छात्रा शिवानी वर्मा ने सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 25 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया है। शिवानी वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फरीदाबाद की प्रतिभागी सिद्धि को पहले चरण में, दुसरे चरण में पानीपत की प्रतिभागी गीताशा को, एवं तीसरे चरण में रेवाड़ी की प्रतिभागी दिव्या को हराकर और चौथे चरण में महेंद्रगढ़ की प्रतिभागी हर्षिता से हार गई और रजत पदक प्राप्त किया।

### 5 को ध्यान और भक्ति पर होगा ध्यान सत्र

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 5 अक्टूबर को प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक ध्यान और भक्ति विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस ध्यान सत्र में ध्यान व भक्ति के विविध आयामों पर चर्चा होगी और ध्यान विधियों का अभ्यास भी करवाया जाएगा। आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने ध्यान व भक्ति पर आधारित बहुत से प्रवचन दिए हैं। 5 अक्टूबर के ध्यान सत्र में ओशो के संचित प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा। स्वामी संजय ने कहा कि देखा जाए तो ध्यान बिना किसी विचार के शुद्ध चेतना की स्थिति है।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। यहां रहने वाले बुजुर्गों को अध्यात्म एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए इस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की बुजुर्ग माताओं ने अपने हाथों से रावण के पुतले का निर्माण किया और स्टाफ सदस्यों के सहयोग से इसे आश्रम के सामने स्थापित किया गया। पुतला दहन होते ही पूरा प्रांगण जय श्रीराम के उदघोष से गुंजायमान हो उठा और बुजुर्गों ने प्रभु श्रीराम के भजन गाकर पूरे माहौल को आध्यात्मिक बना दिया।

### तिरुपति धाम में निकाली सवारी शोभा यात्रा

**हिसार।** अध्यात्म व सदभाव के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान श्रीराम स्वरूप की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पूजा-अर्चना करने के उपरांत भगवान के चल विग्रह को पालकी में पूरी आस्था से विराजमान किया गया। इसके उपरांत सवारी शोभा यात्रा ने तिरुपति धाम के बगीचे के लिए प्रस्थान किया। बहुरंगी छत्र से सुसज्जित प्रभु श्रीराम के स्वरूप को देखकर सभी श्रद्धालु नतमस्तक हो गए। यहां पर अर्चकों ने प्रभु श्रीराम की आराधना करते हुए विधिस्वरूप कलश व शमी वृक्ष पूजन किया। यहां पर दीप प्रज्ज्वलित करके जनकल्याण की कामना भी की।

उकलाना की गाड़ी पहुंची पहले

# रेफ्रिजरेटर के गोदाम में अचानक लगी भयानक आग, लाखों का सामान जला

गोदाम मालिक ने दमकल विभाग के कर्मियों की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल, दमकल केंद्र का फोन और कार्यालय का गेट मिला बंद | मार्केट कमेटी में दमकल कर्मी मिले नशे में दमकल गाड़ियां समय पर आती तो इतना ही नुकसान नहीं होता : मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

बीती देर रात्रि वार्ड नं.11 गुरुद्वारा सिंह सभा के पास स्थित विकास रेफ्रिजरेशन नामक गोदाम में अचानक आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने आकर इस आग पर काबू पाया परंतु तब तक विकास रेफ्रिजरेशन में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस घटना की सूचना पाकर डायल 112 की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। उधर, गोदाम मालिक का आरोप है कि सूचना देने के लिए दमकल विभाग में फोन किया तो वह बंद मिला, खुद कार्यालय गया तो कार्यालय बंद मिला। इतना ही नहीं मार्केट कमेटी फायर कार्यालय गया तो वहां कर्मचारी नशे की हालत में मिले। इसके बाद मैं खुद दमकल गाड़ी को लेकर मौके पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि दमकल गाड़ियों समय पर आती तो इतना ही नुकसान नहीं होता।

गोदाम में आग से जले सामान को दिखाते हुए



नगरपालिका चेयरमेन रमेश बैटरीवाला और सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन पवन शर्मा तथा भाजपा नेता कृष्ण वर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। पटाखों से निकली चिंगारी से इस आग के लगने का कारण बताया जा रहा है। विकास रेफ्रिजरेशन के मालिक गांव ढाणी खान बहादुर निवासी धनी राम ने बताया कि वे बृहस्पतिवार शाम को लगभग साढ़े 7 बजे अपने गोदाम विकास रेफ्रिजरेशन को संभालकर ताले वगैरह लगाकर अपने घर गांव ढाणी खानबहादुर चला गया था। रात्रि लगभग 11 बजे इस गोदाम के पड़ोसी जोधा ने गोदाम में आग लगने की सूचना फोन पर दी। मौके पर आकर पाया तो गोदाम में आग लगी हुई थी।

### गोदाम मालिक खुद लाया अग्निशमन गाड़ी चलाकर

धनीराम का आरोप है कि फायर ब्रिगेड कार्यालय में गए तो कार्यालय बंद मिला और कार्यालय की लाइट भी बंद मिली। फिर मार्केट कमेटी फायर ब्रिगेड कार्यालय गए तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी शराब के नशे में मिला। फायर ब्रिगेड की गाड़ी स्वयं धनी राम ने चला कर बाहर निकाली व फायर ब्रिगेड की गाड़ी में पानी भी कम था।

### लाखों रुपये का नुकसान

अथक प्रयासों के चलते रात्रि लगभग 3 बजे गोदाम में लगी आग बुझ पाई, परंतु तब तक गोदाम में रखा सारा सामान फ्रिज, एसी, कूलर, वाशिंग मशीन, ओवन, डी फ्रिज, वाटर कूलर, डिस्पेंसर, कंप्रेशर व बाइक जलकर राख हो गया। इस आग से विकास रेफ्रिजरेशन के मालिक धनी राम को लगभग 35 लाख रुपये के सामान जलने से नुकसान होने का आंकलन किया गया है।

### जिले में 18 हजार 959 व्यक्तियों की मलेरिया जांच

**हिसार।** उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ. सुभाष खतरेजा ने बताया कि सितंबर माह के दौरान जिले में 18 हजार 959 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया के 3 केस सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए पानी की टंकियों व हौदियों के ढक्कन हमेशा बंद रखें, टूटे-फूटे बर्तन, टायर इत्यादि खुले में न रखें, इनमें बरसात का पानी एकत्रित रहने पर मच्छर पैदा होने का खतरा बना रहता है।

परिवार के सदस्य गए हुए थे बाहर

# अज्ञात कारणों से किसान के बंद मकान में लगी आग

- मकान निर्माण के लिए रखे गए रुपये भी जलकर राख हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सिसाय काली रावण गांव में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक किसान के घर में आग लग गई। आग की इस घटना में गांव निवासी सतपाल के घर के अंदर रखा लगभग सारा घरेलू सामान जल गया। इसके अलावा मकान निर्माण के लिए रखे गए रुपये भी जलकर राख हो गए।

आवास मालिक सतपाल ने बताया कि घटना के समय वह पशुओं के बाड़े में था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घरेलू कार्यों के चलते बाहर गए हुए थे और बच्चे स्कूल जा चुके थे। सतपाल ने बताया कि पड़ोसियों ने घर के अंदर से धुआं निकलते देख इस की सूचना दी। जिसके बाद उसने डायल 112 पर फोन कर घर में आग लगने की सूचना दी और स्वयं भी जब मौके पर पहुंचा, तो ग्रामीण घर में लगी आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं घर में आग लगने की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी सुमेर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे।

### घरेलू सामान और नकदी जली



आग लगने के बाद सामान को घर से बाहर निकालते परिजन और ग्रामीण।

### घर में रखा सारा सामान जला

आग लगने से घर के अंदर सारा सामान और मकान निर्माण के लिए रखी गई नकदी भी जलकर नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि वह खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने बताया कि उसका एक बेटा दिमागी रूप से कमजोर है, जिसका इलाज चल रहा है। इस घटना से उन्हें करीब 5 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही उनकी टीम मौके पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है और मामले की जांच जारी है।

विदेश भेजने के नाम पर की थी वारदात

# रेप के आरोपी देवेन्द्र बुड़िया को अदालत ने दी जमानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र बुड़यिा को जमानत दे दी है। आदमपुर क्षेत्र की युवती की शिकायत पर रेप के आरोप में जेल में बंद देवेन्द्र बुड़िया शनिवार को जेल से बाहर आ सकते हैं।

युवती ने देवेन्द्र बुड़िया पर आरोप लगाया था कि विदेश भेजने का लालच देकर बुड़यिा ने पहले चंडीगढ़ और बाद में जयपुर में उसके साथ रेप किया। युवती के अनुसार बुड़यिा ने खुद को एक्टर सलमान खान से अच्छे संबंध बताते हुए उसे स्टार बनाने का भी वादा किया। शिकायत पर पुलिस ने इस वर्ष 25 जनवरी को देवेंद्र बुड़यिा के खिलाफ रेप सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अपने खिलाफ मामले में अग्रिम जमानत लेने के लिए देवेन्द्र बुड़िया जिला न्यायालय के अलावा हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक गए लेकिन उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई। पुलिस के समक्ष हाजिर न होने पर उसे भगौड़ा घोषित कर दिया गया। फेसबुक पर लाइव आने के शौकीन देवेन्द्र बुड़िया को जोधपुर स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया था।



आरोपी देवेन्द्र बुड़िया।

देवेन्द्र बुड़िया को जोधपुर स्थित घर से गिरफ्तार किया था

नियुक्ति पर पार्टी के अंदर खिंची तलवारें

# कांग्रेसी ही नहीं पचा पा रहे भूपेन्द्र हुड्डा व राव नरेन्द्र की नियुक्ति : रणबीर गंगवा




पत्रकारों से बातचीत करते मंत्री रणबीर गंगवा।

**हिसार।** कांग्रेस पार्टी द्वारा लंबे इंतजार के बाद प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने का मामला पार्टी में ही विवाद का रूप ले रहा है वहीं सत्तापक्ष भी अब इस मुद्दे पर चटखारे लेने लगा है। राज्य के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कांग्रेस को एक पार्टी की बजाय एक गुट बताते हुए कह रहे हैं कि दोनों नेताओं की नियुक्ति की उन्हीं की पार्टी में खूब प्रतिक्रिया हो रही है।

भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए रणबीर गंगवा ने कहा कि जिस दिन से राव नरेन्द्र को प्रदेश अध्यक्ष व भूपेन्द्र हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है, उसी दिन से उनकी पार्टी में तलवारें खिंची हुई है। कैप्टन अजय यादव कुछ बोल रहे हैं, संपत सिंह कुछ बोल रहे हैं, सैलजा व रणदीप चुप्पी साधे हुए हैं और आज बिरेन्द्र सिंह व बृजेन्द्र सिंह अलग ही अपनी डुगडुगी बजा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपत सिंह सीनियर नेता थे लेकिन पार्टी ने उनकी जो हालत की है, वो सबके सामने हैं। कांग्रेस की खासियत देखो की कोई पार्टी का कोई नेता किसी नेता का नेतृत्व मानने को ही तैयार नहीं है।

### भाजपा सरकार में फल फूल रहा स्वदेशी कारोबार

*कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमें स्वदेशी के रास्ते पर चलना होगा। स्वदेशी केवल नारा नहीं बल्कि विकसित भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का नारा ही हमारे विकसित भारत का मंत्र, लक्ष्य व शक्ति है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि विकसित भारत के लिए स्वदेशी को प्राथमिकता दें, देश के कारीगरों, किसानों, व्यापारियों व उद्यमियों का बनाया सामान खरीदकर हम उन्हें सम्मान दें। हम यह तय कर लें कि जो भी सामान खरीद रहे हैं, वह स्वदेशी होना चाहिए और उसमें देश की मिट्टी की खुशबू आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के स्वदेशी आइटम विश्व में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।*

### वेतन नहीं मिलने पर भड़के सिंचाई कर्मी

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की आईबी सिटी ब्रांच ने सिंचाई विभाग कर्मचारियों को सितंबर माह का वेतन नहीं दिए जाने के विरोध में कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान दीपक शर्मा ने की तथा संचालन सचिव सोनू जांगड़ा ने किया।

ब्रांच प्रधान दीपक शर्मा व सचिव सोनू जांगड़ा ने बताया कि 30 सितंबर को कर्मचारियों के वेतन को लेकर यूनियन की कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग हिसार से वार्ता हुई। वार्ता में कार्यकारी अभियंता ने मनमाना रवैया अपनाते हुए कहा कि इस महीने किसी भी कर्मचारी को वेतन नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रवैये को लेकर कर्मचारियों में रोष है।

### दयानंद कॉलेज की छात्रा पूनम ने रेस में जीते स्वर्ण और कांस्य पदक



**हिसार।** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया व एथलेटिक्स हरियाणा की ओर से आयोजित राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय खेलों में दयानंद कॉलेज की छात्रा खिलाड़ी पूनम ने स्वर्ण व रजत पदक जीता है। कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा पूनम ने हाल ही में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय खेलों की 36वें नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025, प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में हुई 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक, 400 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल रेस) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक तथा 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। छात्रा पूनम ने 27 से 28 सितम्बर 2025 तक एथलेटिक्स हरियाणा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय खेलों के 38वें हरियाणा स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, करनाल (हरियाणा) में हुई 400 मीटर बाधा दौड़ (हर्डल रेस) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। छात्रा पूनम की इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने पूनम तथा उसके परिजनों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा सुरजीत कौर को बधाई दी।

आयोजन | पद्मश्री कवि सुनील जोगी होंगे शामिल

हास्य और साहित्य के माध्यम से सकारात्मक सोच और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर हांसी में होगा कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में 8 अक्टूबर को हांसी सांस्कृतिक और साहित्यिक रंगों से सराबोर होगा।

इस दिन अग्रबंधु परिषद हांसी की ओर से एक विशेष हास्य कवि सम्मेलन ठहाके का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के प्रसिद्ध व नामचीन कवि अपनी ओजस्वी व हास्य रचनाओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे।

### जयंती को यादगार बनाना उद्देश्य

संस्था के अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया ने शुक्रवार को भाई जी होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह कवि सम्मेलन 8 अक्टूबर, बुधवार को माया बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल अग्रसेन जयंती को यादगार बनाना है, बल्कि हास्य और साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक सोच और आपसी भाईचारे का संदेश भी देना है।



**हांसी।** पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए संस्था अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- कार्यक्रम में प्रवेश केवल प्रवेश पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा

### कार्यक्रम में ये कवि करेंगे शिरकत

कवि सम्मेलन में पद्मश्री कवि डॉ. सुनील जोगी (कानपुर), राजेश चेतन (दिल्ली), गौरव चौहान (इटावा), दीपक सैनी (दिल्ली), गौरी मिश्रा (नैनीताल) हिस्सा लेंगे। परिषद अध्यक्ष रतेरिया ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में प्रवेश केवल प्रवेश पत्र के आधार पर ही दिया जाएगा। परिषद ने यह व्यवस्था इसलिए की है, ताकि कार्यक्रम में अनुशासन और व्यवस्था बनी रहे और हर श्रोता बिना किसी असुविधा के कवि सम्मेलन का आनंद उठा सके। परिषद की ओर प्रवेश पत्र निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रेसवार्ता के दौरान परिषद के युवा प्रमुख गौरव भारतीय, मनमोहन तायल, सुशील गुप्ता और प्रवीण बंसल सहित कई अन्य मौजूद रहे।



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य

बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

*(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिज़ाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :** डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर:** 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद:** 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण : -**

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

## गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत ज़िम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

### सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### अवैध देसी शराब की 29 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सोरखी पुलिस चौकी ने अवैध देसी शराब के 29 बोतल के साथ महेंदा निवासी जयभगवान को गिरफ्तार किया है। सोरखी पुलिस चौकी में तैनात एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल दौरान महेंदा गांव में एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से अवैध देसी शराब की 29 बोतल बरामद हुई। आरोपी को शराब सहित गिरफ्तार कर उसके खिलाफ बास थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### जयंती पर लाल बहादुर शास्त्री को याद किया

**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर समिति के मुख्य संरक्षक एच.के. शर्मा की अध्यक्षता में ब्रह्म संस्कृत पाठशाला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया तत्पश्चात लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में राज्यसभा के पूर्व सांसद जनरल डी.पी.वत्स धर्मपत्नी गीता वत्स सहित उपस्थित हुए। अति विशिष्ट अतिथि पार्षद भीम महाजन, पार्षद जगमोहन मित्तल, पार्षद मोहित सिंगला, पंकज दीवान, सुशील शर्मा, पिंकी शर्मा आदि रहे।

### नारनौंद में एसडीओ प्रदीप हुड्डा ने संभाला कार्यभार

**नारनौंद।** बिजली निगम में लंबे समय से खाली चल रहे एसडीओ पद पर अब नियुक्ति हो गई है। रेवाड़ी से स्थानांतरित होकर पहुंचे



प्रदीप हुड्डा ने शुक्रवार को एसडीओ पद का कार्यभार संभाल लिया। पद रिक्त होने के कारण बिजली उपभोक्ताओं को अब तक कई कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब इन समस्याओं के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है। एसडीओ प्रदीप हुड्डा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

### सातवें चरण की एआई आधारित वर्कशॉप आज

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा सातवें चरण की एआई आधारित वर्कशॉप 4 व 5 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि सेक्टर 16-17 के इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित आईसीएआई भवन में आयोजित होने वाली यह वर्कशॉप विशेष रूप से सीए स्टूडेंट्स के लिए आयोजित की जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अंडरस्टैंडिंग फॉर राइजिंग अचीवर्स (औरा) वर्कशॉप में एआई से रूबरू करवाते हुए इसका फाइनेंस व अकाउंटिंग में प्रयोग पर प्रकाश डाला जाएगा।

### छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित टीम ने न्यू लाहौरिया विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर टीम ने छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध, महिला सुरक्षा उपायों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं को समझाया गया कि मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का इस्तेमाल सोच-समझकर करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत पुलिस या महिला हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

### अणुव्रत सांप्रदायिक सौहार्द दिवस मनाया

**हिसार।** अणुव्रत समिति हिसार द्वारा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के दिशा निर्देशन में अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत तृतीय दिवस अणुव्रत सांप्रदायिक सोहार्द दिवस पी जी एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन के अणुव्रत गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य सतेंद्र कुमार गोयल थे।

---

सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास

# प्रत्येक गांव को मुख्य मार्गों से जोड़ना प्राथमिकता : रणबीर

मानसून सीजन के दौरान जलभराव के कारण से सड़कों को नुकसान पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने खेदड़ से हंस नगर (ढ़ाणी गारन) तक सडक़ के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस सडक़ का निर्माण लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दौरान हुई भारी बरसात व जलभराव के कारण से सड़कों को काफी नुकसान पहुंचा है। इन सभी सड़कों का पुर्ननिर्माण करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। सभी सड़कों व रास्तों को जल्द से जल्द सही करने की हिदायत अधिकारियों को दे दी गई है।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सडक़ निर्माण और बुनियादी ढांचे को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है। किसी भी क्षेत्र की तरक्की की पहली सीढ़ी उसका सडक़ नेटवर्क होता है। मजबूत और चौड़ी सड़कें न केवल लोगों के आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सभी क्षेत्रों को गति प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि खेदड़ से हंस नगर तक सड़क चौड़ी होने से न केवल स्थानीय लोगों को फायदा होगा बल्कि व्यापार, परिवहन और शिक्षा से जुड़े हजारों लोग लाभान्वित होंगे।



बरवाला। शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को होगी सुविधा

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सड़क बनने के बाद किसानों को अपनी फसल समय पर मंडियों तक पहुंचाने में आसानी होगी। छात्र-छात्राओं को स्कूल और कॉलेज तक सुरक्षित और तेज आवागमन का साधन मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, रणधीर सिंह धीरू, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, पीब्लयूडी के एक्सइएन उदयवीर झांझड़िया, तहसीलदार रविंद्र शर्मा, मोनू संजूढा, मुनीष गोयल, रामकेश बंसल, सरपंच प्रतिनिधि रोहताश दुग्गल, एसडीओ रणसिंह, विनोद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

---

# गांधी के जीवन से प्रेरणा लें : गोयल

- ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में गांधी जयंती पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान दिया। उन्होंने कहा कि गांधीजी का जीवन दर्शन और उनके सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और विद्यार्थियों को



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### गांधी के अमूल्य योगदान को याद किया

कुलपति डॉ. एनपी कौशिक व प्रति कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर ने स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के अमूल्य योगदान को याद किया और छात्रों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिनमें भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और देशभक्ति गीत प्रतियोगिता शामिल थीं। कार्यक्रम का सफल संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील बैंढा और डॉ. शैलेश कुमार ने किया। इसमें स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

---

# टीटीसी के छात्रों ने किया गुजरी महल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शिक्षा विभाग के ऐतिहासिक स्थल भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला टीटीसी के 41 छात्रों छात्राओं ने शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक हिसार-ए-फिरोजा, गुजरी महल भ्रमण किया और ऐतिहासिक स्थलों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी प्रात की। इस अवसर पर अध्यापक राजकुमार जांगड़ा ने छात्र छात्राओं को किले और गुजरी महल के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



गुजरी महल का भ्रमण करते राजकीय प्राथमिक पाठशाला टीटीसी के विद्यार्थी।

### हवन के साथ लोहारी राघो रामलीला संपन्न

**नारनौंद।** श्रीरामा क्लब द्वारा आयोजित रामलीला का शुक्रवार को हवन के साथ समापन हो गया। गत दिवस रामलीला मंच पर आयोजित हवन के दौरान सभी कलाकारों ने आहुति डाली। कल्ब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना व डायरेक्टर मुनीष चराया ने कलाकारों की मेहनत की दिल से सराहना की तथा अगले साल इससे भी बेहतरीन प्रदर्शन किए जाने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर राजकुमार सेठी, जयपाल, डॉ. जिंदर मुंडा, वेद प्रकाश चांदना, पुष्कर भ्याना, इंद्र तनेजा आदि मौजूद रहे।

---

## आरपीएस पब्लिक स्कूल में किया अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन




**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छठी से आठवी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए नटराज अंग्रेजी हस्तलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुंदर एवं साफ-सुथरे लेखन की आदत को प्रोत्साहित करना था। सभी विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आठवी कक्षा की अंशिका ने प्रथम स्थान, योगिता ने द्वितीय व मुकुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को लेखन कौशल को निखारने का अवसर प्रदान किया और साथ ही उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाया। विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या पूजा राणा ने विद्यार्थियों को निरंतर अभ्यास और परिश्रम के लिए प्रेरित किया।

---

# एनडीए में आरपीएस के 91 छात्र छाए

- एनडीए व एसएसबी में सफलता का पर्याय बना आरपीएस : सीईओ मनीष राव

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने बधाई दी।



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### इन्होंने किया क्वालीफाई

एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, आदि शामिल हैं।

---

# दशहरे और गांधी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी में गांधी जयंती और दशहरे के पर्व पर एक विशेष व भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा चौथी से नौवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभा तथा वाक कला का परिचय देते हुए गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री व दशहरे से सम्बंधित बहु उद्देश्यात्मक कविताएं और प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा एक नाटिका के माध्यम से सम्पूर्ण रामलीला का भी जीवंत रूप से मंचन किया गया। गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेने, सत्य तथा अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।



---

# लड़की के इलाज में दी आर्थिक मदद

- सावित्री बाई फूले सोसायटी नेघर जाकर सौंपा चैक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सावित्रीबाई फूले सोशल वेलफेयर सोसायटी हिसार की टीम ने सोसायटी प्रधान एडवोकेट मुकेश सैनी की अगुवाई में सातरोड़ खास गांव में एक बीमार लड़की के इलाज के लिए अस्पताल खर्च के रूप में आर्थिक सहायता दी। गांव निवासी ईश्वर सिंह सैनी की पुत्री बीमार अवस्था में होने तथा आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सावित्रीबाई फुले सोशल वेलफेयर सोसायटी ने उसके अस्पताल में उपचार के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया। इसके बाद सोसायटी टीम ने लड़की के अस्पताल में उपचार के लिए खर्च के रूप में 1 लाख 42 हजार 800 रुपये का चैक ईश्वर सिंह सैनी की पत्नी राजबाला सैनी को सौंपा। प्रवक्ता शमशेर सैनी ने बताया कि टीम में सोसायटी के संरक्षक मंडल सदस्य नारायण सिंह परिहार व डॉ. रामकुमार सैनी के अलावा लुवास यूनिवर्सिटी में कार्यरत कुलदीप भी शामिल हुए।



हिसार। अस्पताल में लड़की के उपचार के लिए धनराशि का चेक देते सोसायटी पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*सैनी ने बताया कि उनकी सोसायटी पिछले कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर व असहाय लोगों को यथासंभव आर्थिक सहायता प्रदान करती रही है। इस अवसर पर गांव के अनेक गणमान्य लोगों विक्रम सिंह, सुरेंद्र सिंह सातरोड, मनीष सैनी, प्रणव किरोड़ीवाल आदि मौजूद थे।*

---

### विश्वविद्यालय के प्रथम हितधारक विद्यार्थी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय के प्रथम हितधारक हैं। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की जरूरतों के अनुसार व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीधे संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों से उनकी प्राथमिकताओं की जानकारी ली जा रही है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई शुक्रवार को विद्यार्थियों से सीधे संवाद कार्यक्रम के तहत हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में विद्यार्थियों से बात कर रहे थे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कक्षाओं में विद्यार्थियों के बीच बैठकर अध्यापन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे विद्यार्थियों से मिलने को प्राथमिकता देते हैं। विद्यार्थी अपनी किसी भी समस्या को लेकर उनसे सीधा मिल सकते हैं।

---

# श्रीराम ने दी सदाचार की सीख

- विधायक चंद्रप्रकाश ने मंडी आदमपुर में आयोजित दशहरा महोत्सव में शिरकत की
- सालासर व खाटू श्याम दर्शनों के लिए निशुल्क बस को झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर की प्रसिद्ध श्री लक्ष्मी कला मंडल रामलीला द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और श्रीराम राज्याभिषेक समारोह में भी हिस्सा लिया। दशहरा महोत्सव में बुलंदशहर की भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही।

विधायक चंद्रप्रकाश ने श्रीराम व लक्ष्मण का प्रतिरूप बने कलाकारों के साथ रावण दहन किया। इस दौरान विभिन्न कलाकारों ने बेजोड़ प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। विधायक चंद्रप्रकाश ने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्री लक्ष्मी कला मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का भव्य मंचन करना अपने आप में सराहनीय कार्य है। ट्रस्ट द्वारा दशहरा महोत्सव आयोजित करके अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश देना भी अनुकरणीय है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने सदैव धर्म, सदाचार व नैतिकता के मार्ग पर चलने की सीख दी। श्रीराम ने शिष्टाचार, मर्यादा, शालीनता व सादगी का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।



आदमपुर। श्रीराम राज्याभिषेक समारोह में उपस्थित विधायक चंद्रप्रकाश।

### जनकल्याण की कामना

रावण दहन के उपरांत विधायक चंद्रप्रकाश ने प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह में हिस्सा लेकर प्रभु श्रीराम को तिलक करते हुए इष्ट की आराधना की और जनकल्याण की कामना की। विधायक चंद्रप्रकाश ने विजयादशमी के अवसर पर सालासर व खाटू श्याम के लिए निशुल्क बस की व्यवस्था भी की। उन्होंने जनकल्याण की भावना के साथ इस बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

---

**कार्यक्रम** विशेष जागरूकता शिविरों में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने पराली प्रबंधन पर लगाया शिविर

# किसान पराली प्रबंधन को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन और कृषि विभाग किसानों को पराली न जलाने और फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने के लिए लगातार जागरूक कर रहा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को बास और नारनौंद ब्लॉक में विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में किसान उपस्थित हुए। उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने बास ब्लॉक में आयोजित शिविर के दौरान किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी घटती है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और कृषि विभाग की प्राथमिकता है कि आने वाली पीढ़ियों को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिले। इसके लिए गांव-गांव में कैंप लगाकर और मुनादी करवा कर किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पराली प्रबंधन को अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें बल्कि इसे अतिरिक्त आय का साधन भी बनाएं। उन्होंने किसानों को सुपर सीडर, सुपर एसएमएस, जीरो-टिल सीड ड्रिल जैसी आधुनिक मशीनों के बारे में बताया कि सरकार इन मशीनों पर सब्सिडी, कस्टम हायरिंग सेंटर और विभागीय सहयोग के माध्यम से किसानों को सहायता प्रदान कर रही है।



नारनौंद। पराली प्रबंधन के संबंध में जानकारी देते कृषि विभाग के अधिकारी।

### जागरूक किया

इसी प्रकार नारनौंद ब्लॉक में भी एसडीएम विकास यादव व ब्लॉक कृषि अधिकारी पवन भारद्वाज की उपस्थिति में जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को पराली प्रबंधन बारे जागरूक किया गया। अधिकारियों ने किसानों को प्रेरित किया कि वे पराली को जलाने की बजाय वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाएं और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

---



### होली चाइल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने स्केटिंग में हासिल की सफलता

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अद्भुत जोश और अनुशासित प्रदर्शन के बल पर द्वितीय हरियाणा जोनल क्लब स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि हासिल की। इस प्रतियोगिता में आरोही ने इनलाइन स्केटिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं तेजस वत्स ने अपने उम्दा प्रदर्शन से तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया। विद्यालय के निदेशक आरएस सिंधु ने कहा कि हमारा प्रयास हमेशा से शिक्षा के साथ-साथ खेल और को भी विद्यार्थियों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना है।

**NOTICE**

I, Kallusingh S/o Amansingh R/o Near M.T.Talab, Hansi, Teh. Hansi, Distt. Hisar (Haryana) declare that my son name is Aakash and due to the clerical mistake in my son's 10th class certificate my name is mentioned as Kallu which is wrong. My true and actual name is Kallusingh. Now in my son's 10th class certificate my true and actual name be mentioned as Kallusingh.

## खबर संक्षेप

### डीएन कॉलेज में इंटर कॉलेज भाषण प्रतियोगिता

**हिसार।** शहर के दयानंद कॉलेज में नशा विरोधी जागरूकता प्रकोष्ठ ने उच्च शिक्षा निदेशक, हरियाणा के मार्गदर्शन में, एनसीसी आर्मी विंग के सहयोग से एक प्रेरक अंतरमहाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए नशे की लत से दूर रहने का आह्वान किया। प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. सुरेंद्र बिश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### हनुमान मंदिर में खीर के प्रसाद वितरण 7 को

**हिसार।** शरद पूर्णिमा पर्व पर श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, नागोरी गेट में अमृतमयी खीर के प्रशाद का वितरण 6 अक्तूबर को रात्रि 12 बजे से 12:30 बजे तक व 7 अक्तूबर मंगलवार को प्रातः 5 बजे से मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव प्रबंधक शिव कुमार मित्तल एडवोकेट ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि शरद पूर्णिमा पर अधिक से अधिक संख्या में मधुर खीर का प्रशाद ग्रहण करके पुण्य के भागी बनें।

### कर्म कल्याणी सोसायटी ने की दुर्गा पूजा

**हिसार।** गांधी जयंती, विजयदशमी पर कर्म कल्याणी वेलफेयर सोसायटी ने विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। दुर्गा पूजा की व पारंपरिक सिंदूर खेला एवं मां दुर्गा के विसर्जन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सोसायटी ने यह संकल्प लिया कि धार्मिक कार्यों के साथ-साथ समाज सेवा में भी निरंतर आगे बढ़ते रहेंगें। सोसायटी की प्रधान मौसमी कर ने दुर्गा पूजा, गांधी जयंती व विजयदशमी की सभी को शुभकामनाएं दीं। विजयदशमी अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है।

### नाबालिग से दुष्कर्मी दोषी को 10 साल की कैद

**हिसार।** नाबालिग को बहलाने और उससे गलत काम करने के दोषी आलोक को अदालत ने 10 साल की कैद व 55 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले के अनुसार शहर की एक कॉलोनी के व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि मैं 25 जनवरी 2021 को दोपहर करीब 12 बजे काम पर चला गया। पीछे से मेरी 15 साल की बेटी बिना किसी को बताए घर से चली गई। हमने उसे तलाशा, मगर वह नहीं मिली। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### स्वच्छता नियमों का उल्लंघन, 5 के चालान

**हिसार।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम सफाई ही नहीं, बल्कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई भी कर रहा है। टीम ने कैमरी रोड, पीएलए क्षेत्र में निरीक्षण किया। स्वच्छता मानकों का पालन न करने पर जुर्माना किया गया। एएसआई प्रवीण ने बताया कि दो चालान पीएलए मार्केट व एक चालान कैमरी रोड स्थित नगर निगम के सेकेंडरी प्वाइंट पर कचरा डालने पर किया गया। सीटीएल प्रदीप जाखड़ व तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू ने 2 दुकानदारों के चालान किए।

## ऊंट में मुंह में जीरे के समान सरकार का मुआवजा : बेनीवाल

# किसान व मजदूर सड़कों पर उतरे, सचिवालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

बाढ़ से बर्बाद फसलों के मुआवजे एवं किसान-मजदूरों की अन्य मांगों को लेकर पगड़ी सम्भाल जट्टा किसान संघर्ष समिति तथा अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। इसकी अध्यक्षता संगठन के जिला प्रधान सतीश बेनीवाल व रमेश नापा ने की। किसान-मजदूरों ने अपनी मांगों के समर्थन में डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम अपना ज्ञापन भी सौंपा है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए संगठन के राज्य प्रधान मंदीप नाथवान, राज्य महासचिव संदीप सिवाच ने कहा कि बाढ़ के कारण हिसार समेत पूरे राज्य में लाखों एकड़ फसल बर्बाद हो गई। किसान अपनी फसल पर प्रति एकड़ लगभग 50000 रुपए खर्च कर चुका है। परंतु हैरानी की बात है कि सरकार ने मात्र 7000 से 15000 रुपये प्रति एकड़ देने की घोषणा की है जोकि ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। मजदूर जोकि किसानी पर निर्भर हैं, उनके लिए सरकार ने कोई घोषणा नहीं की है। इसलिए संगठन ने किसान को 50000 रुपये प्रति एकड़ की मांग की है। संगठन ने मजदूरों को भी उचित मुआवजा देने की मांग की है।



हिसार। लघु सचिवालय गेट पर प्रदर्शन करते किसान, मनरेगा मेट व मजदूर। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

धरने प्रदर्शन को गोपाल ओड नंगथला, अनिल गोरछी, कृष्ण माजरा, रमेश सुलचानी, सारज लुदास, चरणपाल भुल्लर, संदीप धुंधवाल, कुलदीप हिंदुस्तानी, जंग बहादुर पुनिया, सूखचैन सरपंच, रवि इंदौरा, साहब राम केमरी, किरण शर्मा, दर्शना आजाद नगर, सुभाष बिश्नोई, सोनू चहल, सतीश गिराए, सुखदेव छान, मुकेश राम अवतार सुलचानी, बलराज सिंह, सुरेंद्र मेट, विजेंद्र, बालकिशन, बाला देवी, कृष्ण कुमार, संदीप, चंद्र सिंह, सन्तोष, अमित, बबली सुमन, निर्मल तीजो, कश्मीरी लाल ग्रोवर आदि ने संबोधित किया।

### बड़े आंदोलन की चेतावनी

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय मनरेगा सहयोग मंच राम अवतार सुलचानी ने कहा कि देश भर में मनरेगा एडवाइजरी काम बंद करने का आदेश वापस ले और तुरंत काम शुरू करवाया जाए। बाढ़ व जलभराव से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मनरेगा मजदूरों को भी एक मुफ्त 100000 रुपये की सहायता की जाए। दरार आए तथा गिरे हुए मकान के लिए अनुदान दिया जाए वरना देश व प्रदेश में बड़ा आंदोलन होगा। जिसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार होगी।

# मां की याद में रोपित करें पौधा

हकृवि में सामूहिक पौधरोपण तथा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत सामूहिक पौधरोपण एवं 'सेवा पखवाड़ा' समापन समारोह आयोजित किया गया। भू-दृश्य संरचना इकाई एवं उपसंपदा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की और अमलतास का पौधा लगाया।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ।

### सेवा पखवाड़े के तहत कार्यक्रम का आयोजन

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के सम्मान और स्मृति में एक पौधा लगाकर न केवल अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है बल्कि धरती मां के संरक्षण में भी योगदान देता है। भू- दृश्य संरचना इकाई के विभागाध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं सेवा पखवाड़ा के दौरान विश्वविद्यालय परिसर, कृषि महाविद्यालय बावल व कौल तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। है।

# कोहली स्कूल की छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मारी बाजी

साक्षी, सोनाक्षी, वर्षा, प्रियंका, तमन्ना सहित विजेताओं का स्कूल पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज >> आदमपुर

गांव कोहली के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने हिंदी दिवस के अवसर पर मात्रश्याम डाइट में आयोजित जिलास्तरीय हिंदी पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम में भाषण, कविता, गीत व स्लोगन विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य जगदीप लोहान ने आठवीं कक्षा की साक्षी, सोनाक्षी व वर्षा और 12वीं कक्षा की छात्रा प्रियंका व तमन्ना को हिसार जिले में परचम लहराने पर फूल मालाओं व मैडल पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य ने बच्चों को तैयारी करवाने वाले अध्यापक सुखबीर शास्त्री व तनुजा को भी विशेष रूप से सम्मानित किया।



आदमपुर। गांव कोहली सरकारी स्कूल के विजेताओं को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष कुलदीप नैन, रोहित कुमार, मुकेश डीपी, यकीन, नीरज यादव, प्रदीप पंघाल, अनिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार आदि मौजूद थे।

### हांसी पुलिस मनाएगी अक्टूबर माह को साइबर सुरक्षा माह



अमित यशवर्धन, एसपी। फोटो

हांसी। राष्ट्रीय स्तर पर अक्टूबर माह को साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाए जाने के अंतर्गत पुलिस जिला हांसी द्वारा पूरे अक्टूबर माह में आमजन को साइबर अपराधों से बचाव हेतु विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि आधुनिक तकनीक ने जहां जीवन को सरल बनाया है, वहीं साइबर अपराधी इसका दुरुपयोग कर लोगों को ठगने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में सतर्कता ही सुरक्षा है। इस उद्देश्य को लेकर हांसी पुलिस द्वारा पूरे माह विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, ताकि नागरिक साइबर ठगों के जाल में फंसने से बच सकें।

# हॉकी में उमरा की टीम विजेता

खेलों को बढ़ावा व नशामुक्ति के उद्देश्य से पुलिस ने उमरा में करवाई हॉकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज >> हांसी

ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य व पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के दिशा-निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए गांव उमरा के खेल स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में उमरा व सुल्तानपुर गांव के युवाओं के बीच खेला गया जिसमें उमरा गांव की टीम ने सुल्तानपुर गांव की टीम को 5-3 से हराकर जीत हासिल की। विजेता टीम को हांसी पुलिस की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



हांसी। हाकी प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के साथ एएसआई राजेश कुमार व नशामुक्ति टीम सदस्य।

### नशे से सावधान रहें खिलाड़ी और युवा

इस अवसर पर हांसी पुलिस की नशा मुक्ती टीम इंचार्ज एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि हॉकी प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों, युवाओं और खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ और सड़क सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

# तलवारबाजी में पदक विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित

निंबो देवी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में सम्मान समारोह का किया आयोजन बीईओ सुनील शर्मा हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज >> हांसी

निंबो देवी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिसाय बोलान में शुक्रवार को नेशनल व स्टेट प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। बीईओ हांसी प्रथम सुनील शर्मा ने तलवारबाजी में विजेताओं को सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों में अंडर -17 में कुमारी तमन्ना ने तलवारबाजी में राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर स्वर्ण व कांस्य पदक, कुमारी रितिका ने अंडर-19 में राज्य स्तर पर कांस्य पदक तथा अंडर-19 में तनु ने दो कांस्य पदक व अंडर -14 में गरिमा ने दो कांस्य पदक प्राप्त किए। खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को खेल के लिए प्रोत्साहित करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य वीरेंद्र बेनीवाल ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए विद्यालय की उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बलवंत कुमार, संदीप पुनिया, विजय कुमार, रामधन डीपी मौजूद रहे।



हांसी। पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल प्राचार्य वीरेंद्र बेनीवाल व अन्य।

# शांति निकेतन स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

अमन ने पहला, महिमा ने दूसरा और योगिता ने तीसरा स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज >> आदमपुर

आदमपुर कॉलेज रोड स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अमन ने प्रथम, महिमा ने दूसरा तथा योगिता तीसरा तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का मार्गदर्शन हरियाणा 3 बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर सुनील कटारिया ने किया।

एएनओ मनोज कुमार और सूबे. सुखमिंदर सिंह की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए, जिनमें स्वच्छता, स्वच्छ भारत अभियान और पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रमुख रूप से दिखाई दिए। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी, डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई और प्रिंसिपल राजेंद्र मौजूद रहे।



आदमपुर। शांति निकेतन स्कूल में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### 15वीं इंटर सर्कल खेल प्रतियोगिता छह से

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की 15वीं अंतर सर्कल खेलकूद प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से विद्युत नगर के खेल प्रांगण में शुरू होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन जसविंद्र मीनू बैनीवाल मुख्य अतिथि के तौर पर सुबह 9 बजे करेंगे, जबकि समारोह में बिजली निगम के डायरेक्टर फाइनेंस रतन कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। आयोजन समिति की अध्यक्ष व डीएचवीबीएन डायरेक्टर प्रोजेक्टस विनीता सिंह ने बताया कि 8 अक्टूबर को सुबह 9 बजे प्रतियोगिता का समापन होगा। समापन समारोह में मंडल आयुक्त शामिल होंगे।

# सोना रापड़िया के न्यायिक अधिकारी बनने पर बार एसो. ने किया सम्मान

हिमाचल प्रदेश न्यायिक अधिकारी के रूप में चुनी गई हिसार की बेटी

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

हिसार की बेटी एडवोकेट सोना रापड़िया का चयन हिमाचल प्रदेश में न्यायिक अधिकारी के पद पर हुआ है। उनके चयन की खुशी में जिला बार एसोसिएशन की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सोना रापड़िया को बधाई देते हुए बार की ओर से सम्मानित किया गया।

आजाद नगर क्षेत्र में रहने वाली एडवोकेट सोना रापड़िया का चयन हाल ही में हिमाचल प्रदेश में न्यायिक अधिकारी के रूप में हुआ है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने सोना रापड़यि सम्मानित किया।



हिसार। सोना रापड़िया को सम्मानित करते हिसार बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हिसार बार के प्रधान संदीप बूरा, उपप्रधान विकास पूनिया, सचिव समीर भाटिया, सह सचिव सुनील भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव, अधिवक्ता राजीव पंवार, संजीव पंवार, विनोद बिश्नोई सहित सहित काफी अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### हकृवि में राष्ट्रीय एकता शिविर 8 से 14 अक्टूबर तक

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 8 से 14 अक्टूबर तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में देश के विभिन्न 16 राज्यों से 200 स्वयं सेवक भाग लेंगे जिनमें 100 लडक़े एवं 100 लड़कियां शामिल होंगी। यह जानकारी छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने राष्ट्रीय एकता शिविर के आयोजन को लेकर कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में हरियाणा के विभिन्न 29 विश्वविद्यालयों से 100 प्रतिभागी भाग लेंगे। जिसमें 50 लडक़े व 50 लड़कियां होगी। शिविर में अन्य राज्यों से भी 100 स्वयंसेवक भाग लेंगे। डॉ. पाहुजा ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की जाएंगी। शिविर का प्रारंभ प्रतिदिन योगाभ्यास से किया जाएगा। इसके पश्चात एकेडमिक सेशन, मोटिवेशन सेशन के अलावा सांस्कृतिक गतिविधियां की जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## ब्लैक पीक चोटी को फतेह करने वाला गुजवि बना देश का पहला विवि : बिश्नोई

# गुजवि के शिक्षकों की उपलब्धि: ब्लैक पीक चोटी फतेह की

हरिभूमि न्यूज >> हिसार

शिक्षक का कर्तव्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि अपने विद्यार्थियों के सामने जीवन के हर पहलु से जुड़े बिंदुओं पर आगे बढ़कर राह दिखाना है। शिक्षक को खुद पहले वो करना होता है, जो वह अपने विद्यार्थियों से उम्मीद करता है। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने एक ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो कदाचित विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय के शिक्षक हासिल नहीं कर पाए। विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. संजीव कुमार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के शिक्षक दल ने उत्तर कांशी में स्थित ब्लैक पीक को फतेह किया है।

कालानाग के नाम से चर्चित भयानक बर्फीली ऊंचाइंयों वाली ब्लैक पीक बांदरपुच्छ पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी है। 6387 मीटर की ऊंचाई वाली यह चोटी काले नाग के फन जैसी दिखती है। 50-70 डिग्री तक की खड़ी बर्फीली ढलानों, गहरी दरारों (क्रेवास), खतरनाक बर्फीली दिवारों (बर्गश्रुंड) और टूटते मोरेनों वाली इस चोटी को फतेह करना मौत जैसी चुनौतियों से पार पाना है।



हिसार। ब्लैक पीक चोटी पर गुजवि का झंडा फहराते गुजविप्रौवि के शिक्षक।

### चुनौतियां और गजब का रोमांच रहा ट्रेकिंग के दौरान

प्रो. संजीव कुमार ने बताया कि मुसलाधार बारिश से सड़के टूटी पड़ी थी, जगह-जगह भूस्खलन हुआ था। उफनने झरनों से कटे रास्तों को पार करना बेशक चुनौतिपूर्ण था, लेकिन रोमांचक भी था। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में इस बार हुई भयंकर बारिश से मची तबाही के निशान ब्लैक पीक के रास्ते पर भी साफ दिखाई दे रहे थे। एक निश्चित ऊंचाई पर पहुंचने के बाद चारों तरफ झरने और निर्मल धाराएं, बीच में रूंसारा ताल की अदभुत सुंदरता थकान को मिटा रही थी। जब हरियाली खत्म हुई तो केवल ग्लेशियर और दरारें थी।

### इतिहास के पन्नों में दर्ज हुई उपलब्धि : प्रो. बिश्नोई

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि इस गौरवपूर्ण उपलब्धि ने विश्वविद्यालय को इतिहास के ऐसे पन्नों में स्थान दे दिया है, जिसे न केवल लंबे समय तक याद किया जाएगा, बल्कि इससे अन्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। यह समूचे भारत व हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। साथ ही 50 वर्ष की उम्र में इस चोटी पर पहुंच कर शिक्षकों ने जिस जज्बे का परिचय दिया है, उससे सिद्ध होता है कि जब संकल्प बड़ा हो तो उम्र मायने नहीं रखती।

### कमर तक धंस गए थे प्रो. संजीव कुमार

एक समय तो ऐसा आया कि जब पर्वतारोही दल को टेंटों को छोड़कर हर वक्त केवल रस्सियों से बंधे रहना पड़ा। माइनस 20 डिग्री तापमान, गुप्प अंधेरा, पैरों के नीचे चरमराती बर्फ, एक बार तो टीम लीडर प्रो. संजीव कुमार स्वयं कमर तक बर्फ में धंस गए थे। रस्सियों से बंधे होने से कोई किसी की सीधी मदद नहीं कर सकता था लेकिन प्रो. संजीव कुमार ने हिम्मत नहीं हारी, हाथों के बल रेंगते हुए धीरे-धीरे खुद को बाहर निकाला। सुबह की पहली किरण के साथ 28 सितम्बर को दल ने ब्लैक पीक को छू लिया।